भारत सरकार

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3404**
**उत्तर देने की तारीख : 12.03.2026**

**तेलंगाना में एमएसएमई क्लस्टर**

**3404. श्री अरविंद धर्मापुरी :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत तेलंगाना में अनुमोदित और प्रचालित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्लस्टरों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या हथकरघा, हल्दी अथवा कृषि प्रसंस्करण जैसे पारंपरिक क्षेत्रों के लिए किन्हीं एमएसएमई क्लस्टरों को अनुमोदित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके अंतर्गत कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है; और

(घ) कितना रोजगार सृजित हुआ है और लंबित क्लस्टरों को पूरा करने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) से (घ) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) द्वारा मौजूदा क्लस्टर में सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले सामान्य सुविधा केन्द्र (सीएफसी) स्थापित किए गए हैं और अवसंरचना सुविधाओं (आईडी परियोजनाएं) का सृजन/उन्नयन किया गया है। एमएसई-सीडीपी के तहत तेलंगाना में अनुमोदित सामान्य सुविधा केन्द्रों (सीएफसी) का विवरण इस प्रकार है:

| क्र.सं. | सीएफसी परियोजनाओं के नाम | जिला | क्षेत्र | परियोजना लागत | भारत सरकार द्वारा अनुमोदित अनुदान | स्थिति (जारी/पूर्ण) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (लाख रुपए में) | | |
| 1 | स्वर्ण आभूषण क्लस्टर | करीमनगर | रत्न और आभूषण | 580.00 | 446.00 | जारी है |
| 2 | चावल मिल क्लस्टर | जगित्याल | कृषि प्रसंस्करण | 998.00 | 798.40 | जारी है |

इसके अलावा, एमएसई-सीडीपी के तहत तेलंगाना में अनुमोदित अवसंरचना विकास (आईडी) परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

| क्र.सं. | परियोजनाओं के नाम | जिला | कुल परियोजना लागत | भारत सरकार द्वारा अनुमोदित अनुदान | स्थिति (जारी है/ पूर्ण) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (लाख रुपए में) | | |
| 1 | गुजुलारामरम में नया औद्योगिक क्षेत्र | रंगा रेड्डी | 347.00 | 139.00 | **पूर्ण** |
| 2 | ऑटोमोटिव एंड इंजीनियरिंग क्लस्टर पार्क, टूपरान मंडल, मेडक में नया औद्योगिक क्षेत्र | मेडक | 940.82 | 752.65 | **पूर्ण** |
| 3 | मादिकोंडा गांव, वारंगल जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र | वारंगल | 1061.19 | 735.6 | **पूर्ण** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | पालवांचा में औद्योगिक पार्क का उन्नयन, | भद्राद्रीकोठागुडम | 1014.76 | 800.00 | जारी है |
| 5 | चंदनवेल, रंगा रेड्डी में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स | रंगा रेड्डी | 1541.04 | 1180.88 | जारी है |
| 6 | जडचेरला में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स | महबूबनगर | 1515.64 | 1160.39 | जारी है |
| 7 | मडिकोंडा में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स, | वारंगल | 1549.35 | 1161.95 | जारी है |
| 8 | तुनीकीबोल्लारम में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स, | सिद्दीपेट | 1467.79 | 1106.45 | जारी है |
| 9 | दांडू मलकापुर, यदाद्री में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स | भुवनगिरी | 1460.00 | 1137.57 | जारी है |
| 10 | मार्केटिंग हब - (महिला उद्यमी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और प्रौद्योगिकी केंद्र) नंदीगामा गांव, पाटनचेरू मंडल में | संगा रेड्डी | 1150 | 680 | जारी है |
| 11 | नर्मला, राजन्ना सिरसिला में नया औद्योगिक पार्क | राजन्ना सिरसिला | 1043.47 | 758.3 | जारी है |
| 12 | वारंगल ग्रामीण में नया औद्योगिक क्षेत्र (काकतीय मेगा टेक्सटाइल पार्क) | वारंगल | 1010.4 | 683.29 | जारी है |
| 13 | गडवाल, जोगुलम्बा गडवाल में औद्योगिक पार्क का उन्नयन | जोगुलम्बा गडवाल | 1000.63 | 800 | जारी है |
| 14 | मंचेरियल में औद्योगिक पार्क का उन्नयन | मंचेरियल | 702.26 | 561.81 | जारी है |
| 15 | जडचेरला में औद्योगिक क्षेत्र का उन्नयन | महबूबनगर | 733.6 | 586.88 | जारी है |
| 16 | जीदीमेटला में औद्योगिक क्षेत्र का उन्नयन | मेडचल-मलकंजगिरी | 1000 | 800 | जारी है |
| 17 | चेरलापल्ली औद्योगिक क्षेत्र, मेडचल जिले में औद्योगिक संपदा का उन्नयन | मेडचल | 1030 | 600 | जारी है |
| 18 | आरमूर में औद्योगिक क्षेत्र में नया औद्योगिक क्षेत्र | निजामाबाद | 935.09 | 674.09 | जारी है |
| 19 | रवालकोल (V), मलकाजगिरी में नया औद्योगिक क्षेत्र | मलकाजगिरी | 1036.57 | 710.80 | जारी है |
| 20 | बुग्गापाडु में नया औद्योगिक क्षेत्र | खम्मम | 848.13 | 559.25 | जारी है |
| 21 | कलेम में नया औद्योगिक क्षेत्र | जंगाँव | 1070.88 | 678.88 | जारी है |
| 22 | ऑटोनगर, कुंदनपल्ली गांव, रामागुंडम मंडल में नया औद्योगिक क्षेत्र | पेद्दापल्ली | 990.75 | 656.62 | जारी है |
| 23 | सुल्तानपुर में नया औद्योगिक क्षेत्र | संगा रेड्डी | 940.05 | 637.70 | जारी है |
| 24 | ऑटोनगर, हैदराबाद में औद्योगिक पार्क का उन्नयन | रंगा रेड्डी | 1054.26 | 650.65 | जारी है |
| 25 | भोंगीर में औद्योगिक पार्क का उन्नयन | यादद्रीभुवनगिरी | 714.17 | 484.13 | जारी है |
| 26 | नया औद्योगिक क्षेत्र, मंडपल्ली की स्थापना | सिद्दीपेट | 1007.62 | 610.88 | जारी है |

एमएसई-सीडीपी एक मांग आधारित केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है जिसमें राज्य सरकारें अपने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में मौजूदा क्लस्टर की सामान्य जरूरतों के अनुरुप प्रस्ताव भेजती हैं जिसके परिणामस्वरूप सामान्य तौर पर रोजगार में वृद्धि होती है।

*******